

Patna University In News (12.09.2022)

दैनिक भास्कर

एलएलबी में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

पटना विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो जाएगी। कॉलेज में इस बार 120 सीटों के लिए नामांकन होंगे। आवेदन पूरा हो जाने के बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। कैजुअल वैकेंसी के तहत नामांकन 15 सितंबर तक पटना विश्वविद्यालय के कॉलेजों में जो सीटें खाली हैं। उनमें कैजुअल वैकेंसी के तहत नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। कैजुअल वैकेंसी के तहत सभी प्राचार्यों को आवेदन लेकर छात्रों का चयन कर उनकी सूची 15 सितंबर तक मांगी गयी है। इसके बाद विवि के द्वारा लिंक दिया जाएगा, जिसमें छात्र ऑनलाइन राशि जमा कर अपना नामांकन सुनिश्चित करेंगे। पटना विश्वविद्यालय में कोटा के तहत भी नामांकन की प्रक्रिया चल रही है।

दैनिक भास्कर

शिक्षा मंत्री से मिले पटना विव के पदाधिकारी

सिटी रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो राजकिशोर प्रसाद तथा विकास पदाधिकारी प्रो. परिमल खान ने राज्य के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर से मुलाकात की। दोनों ही अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को उच्च शिक्षा की समस्याओं के संबंध में बताया। मंत्री ने भी समस्याओं को सुना और पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रो. राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि एक शिक्षक के हाथों में शिक्षा की बागडोर होने से सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है और सबको यह उम्मीद है कि शिक्षा विभाग की अधिकांश समस्याएं दूर होंगी। साथ ही राज्य की शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आएगी। बातचीत के क्रम में मंत्री राज्य की प्राइमरी तथा उच्च शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर प्रतिबद्ध दिखे।

बीकॉम वोकेशनल कोर्स में नामांकन लेने का आज अंतिम मौका

पटना. पटना विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय और मगध महिला कॉलेज में बीकॉम वोकेशनल कोर्स की खाली बची सीटों पर नामांकन लेने का सोमवार को अंतिम मौका है. इन दोनों कॉलेजों में खाली बची सीटों पर उन आवेदकों, जिनका नामांकन बीकॉम रेगुलर कोर्स में नहीं हो सका, उन्हें बीकॉम वोकेशनल कोर्स में नामांकन लेने की अनुमति दे दी गयी है. इस नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट नौ सितंबर को पटना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है. जिनके नाम मेरिट लिस्ट में हैं, वे अपने एप्लीकेशन आइडी और पासवर्ड की मदद से लॉगइन होकर अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर नामांकन शुल्क ऑनलाइन पेमेंट कर सभी डॉक्यूमेंट्स के साथ 12 सितंबर को आवंटित कॉलेज में जाकर नामांकन लें.